RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

हारों-केसों ने अरे, उड़ा रखे थे होश।
हुए बरी तो चढ़ गया, भैया जी को जोश।
भैया जी को जोश, जरा अब बचना बेटा।
बीजेपी-कांग्रेस, सभी को बुरा लपेटा।
कह साहिल कविराय, चल पड़ी फिर से नैया।
ज्यों मुर्दे में जान, आ गई फिर से भैया।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल



VOL: 11 | ISSUE 49 | MONDAY 02-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# सोना कारोबारी पर एफआईआर; लोग बोले - अकेले लेनदेन का चक्कर नहीं, पूरा मामला ही गड़बड़ हैं !

लुधियाना/यूटर्न/1 मार्च। लुधियाना में पिछले दिनों लुधियाना के नामी ज्वेलर आदित्य जैन पर सोने की खरीद फिरोख्त की एवज में मोहाली के ज्वेलर सागर सिंगला के साथ 11.10 करोड़ रुपए की ठगी मारने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई हैं। यह मामला सामने आने के बाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है।

जिसे लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। लोगों में चर्चा है कि यह मामला अकेले लेनदेन का नहीं, बल्कि यह पूरा मामला ही गड़बड़ है। कहने को तो यह दो घरों का मामला लग रहा है। लेकिन बाजारी चचाओं की बात करें तो यह दो घरों का नहीं बल्कि पूरे बाजार का मामला है। जिसके चलते व्यापारी डरे हुए हैं। चर्चा है कि अगर इस मामले का खुलासा होता है तो कई सफेदपोश व ज्वेलर्स सामने आ जाएंगे। चचाएं हैं कि पिछले समय के दौरान सोने व चांदी के भाव ऊपर नीचे होने के बाद कुछ ज्वेलर्स द्वारा इनकम दिखाने व छिपाने के लिए जमकर हेरफेर किया जा रहा है। जिसके चलते दबाकर बोग्स बिलिंग भी की जा रही है। इसी कारण अब यह मामले सामने आने शुरू हो चुके हैं। चचाएं हैं कि अब इस मामले समेत पिछले समय के दौरान ज्वेलर्स के हुए ऐसे विवादों की सही तरीके से जांच हो तो बड़ा टैक्स हेरफेर सामने आ सकता है। कई इसे बोग्स बिलिंग का और कोई हेजिंग का मामला बता रहा है। लेकिन कुल मिलाकर इस केस में कइयों की गर्दन फंसी हुई है। अब देखना होगा कि क्या इनकम टैक्स विभाग इस मामले की गहनता से जांच करेगा या नहीं। वहीं पुलिस द्वारा मामले की तय तक पहुंचना भी एक बड़ा सवाल बना हुआ है।



## ऐसे हो रही बोग्स बिलिंग

चचाएं हैं कि ग्राहकों द्वारा ज्यादातर सोना व चांदी बिना बिल के कैश में खरीदा जाता है। ऐसे में अगर ज्वेलर ग्राहक से कैश न लें, तो ग्राहक खराब होता है। जिसके चलते दुकानदार उनसे कैश लेकर सामान दे देते हैं। वहीं दूसरी तरफ उन्हें अपनी टैक्स बुक्स भी पूरी करनी होती है। चचाएं हैं कि बुक्स पूरी करने के लिए कुछ ज्वेलर्स द्वारा फिर आपस में दूसरे ज्वेलर्स के साथ सोने-चांदी की खरीद फिरोख्त करके एंट्रियां घुमाई जाती है। इसमें सोने-चांदी का करोड़ों में लेनदेन किया जाता है। जिसके चलते फिर ऐसे बड़े ठगी के मामले सामने आते हैं।

## क्या सिर्फ दिखावे के लिए हुई एफआईआर

पिछले दिनों शहर में आदित्य जैन केस के अलावा भी ज्वेलर्स के ऐसे लेनदेन के विवादों के मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें कई ज्वेलर्स इस बोग्स बिलिंग के खेल की भेंट चढ़ गए। लेकिन किसी न किसी तरह से उन मामलों को दबा लिया गया। मगर इस मामले में एफआईआर होने के चलते यह खुलकर सभी के सामने आ गया। चचाएं हैं कि इस मामले में बोग्स बिलिंग का हेजिंग का मामला जुड़ा हो सकता है। जिसके चलते इस मामले की गहनता से जांच करनी जरुरी है।

## सोना हेजिंग में भी हुए विवाद

वहीं बता दें कि इसके अलावा सोना हेजिंग के विवाद भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। दरअसल, हेजिंग का मतलब यह है कि कुछ ज्वेलर्स द्वारा बड़े ज्वेलर्स को सोना बुक करवाया जाता है। जिसमें 10 प्रतिशत पहले देना होता है। लेकिन बड़े ज्वेलर्स द्वारा अपने पक्के छोटे ज्वेलर्स की जुबान पर ही बुकिंग करवा दी जाती है। ऐसे में पिछले समय के दौरान सोने में एकदम भारी गिरावट आई। जिस कारण ज्वेलर्स को नुकसान हुआ। लेकिन ऐसे में बुकिंग करवाने वाले ज्वेलर्स अपनी जुबान से मुकर गए। जिसके चलते न तो उन्होंने बाकी की पेमेंट दी और न ही 10 प्रतिशत अदा किए। जिसके चलते ज्वेलर्स में हेजिंग के विवाद बढ़ गए।

## यह है मामला

मोहाली के सागर सिंगला द्वारा थाना डिवीजन नंबर 8 में ज्वेलर आदित्य जैन पर मामला दर्ज कराया गया है। सागर सिंगला का आरोप है कि उसने आदित्य से 20.38 करोड़ का सोना खरीदने की डील की थी। जिसमें से 7.51 करोड़ का सोना दिया गया और साथ ही 1.76 करोड़ की आंशिक वापसी हुई। जबकि बाकी के 11.10 करोड़ नहीं दिए। जिसके चलते उसने आदित्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

# जन हितैषी RE-LIVE फेस्ट, ऑर्गन डोनेशन से बना लाइफ बियोंड लाइफ का मार्ग दर्शक




लुधियाना/यूटर्न/1 मार्च। यूटर्न टाइम्स अखबार और जन हितैषी चैनल की ओर से लोधी क्लब में आयोजित री-लिव फेस्ट बेहद शानदार और प्रेरणादायक माहौल में संपन्न हुआ। जिंदगी के बाद भी जिंदगी के संदेश के साथ यह आयोजन सचमुच जन आंदोलन का रूप लेता नजर आया। कार्यक्रम में शहर के हर वर्ग राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, कारोबारी, स्टूडेंट्स, युवा और बुजुर्गों ने





बढ़-चढ़कर भाग लिया। डीएमसी अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम ने मंच से अंगदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉक्टरों ने अंगदान संबंधी लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और अंगदान से जुड़े भ्रमों को दूर करने का प्रयास किया। फेस्ट के दौरान लगभग 52 लोगों ने अंगदान का संकल्प लेकर रजिस्ट्रेशन करवाते हुए मानवता की मिसाल पेश की। इस मौके पर साथ ही मुफ्त मेडिकल कैंप में करीब 70 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। रक्तदान शिविर में लगभग 30 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने की दिशा में अहम योगदान दिया। इस सफल आयोजन के माध्यम से यूटर्न टाइम अखबार और जन हितैषी न्यूज चैनल ने समाज को अंगदान का रास्ता दिखाते हुए एक नई सकारात्मक सोच को मजबूती दी है।




# जंग के तनाव के बीच एक दिन में सोना 7000 रुपए उछला, लुधियाना, हैदराबाद में लेटेस्ट कीमतें देखें

चंडीगढ़/यूटर्न/1 मार्च। इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते झगड़े के बाद सोने के खरीदारों को बड़ा झटका लगा, क्योंकि कीमतों में तेजी से उछाल आया। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के साथ, इन्वेस्टर्स सोना और चांदी जैसे सेफ-हेवन एसेट्स खरीदने के लिए दौड़ पड़े। गुडरिटर्न्स के मुताबिक, एक ही दिन में सोने की कीमतों में भारी उछाल देखा गया। फरवरी में सोने की कीमतों में काफी गिरावट आई थी, जो बढ़ती जियोपॉलिटिकल अनिश्चितता के बीच धीरे-धीरे ठीक होने लगीं। हालांकि, जैसे ही सीधे मिलिट्री हमले और जवाबी हमले शुरू हुए, कीमतों में तेजी से उछाल आया। अचानक बढ़ोतरी से पैनिक बाइंग शुरू हो गई, जिससे बहुत कम समय में सोने के रेट तेजी से बढ़ गए। हैदराबाद बुलियन मार्केट में, सोने की कीमतों में भारी बढ़त दर्ज की गई। 24 कैरेट सोना 7,140 रुपये बढ़कर 1,68,710 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 22 कैरेट सोना 6,550 रुपये बढ़कर 1,54,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 18 कैरेट सोना 5,350 रुपये बढ़कर 1,26,530 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यह अचानक उछाल ग्लोबल अनिश्चितता के बीच मजबूत इन्वेस्टर डिमांड को दिखाता है।



### अब तक सोने की कीमतों में उछाल दिखा

1 मार्च, 2026 तक, लुधियाना में सोने की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई है। 24 कैरेट सोने (10 ग्राम) का रेट कल के 1,59,600 से बढ़कर लगभग 1,63,430 है, जबकि 22 कैरेट सोने (10 ग्राम) का रेट पहले के 1,52,000 की तुलना में लगभग 1,55,650 है। ज्वेलर, मेकिंग और शहर के खास रेट के आधार पर कीमतें थोड़ी अलग हो सकती हैं। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी भारी बढ़ोतरी देखी गई।

चांदी की कीमत 25,000 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 3.25 लाख रुपये पर पहुंच गई। अभी चांदी करीब 295 रुपये प्रति तोला पर ट्रेड कर रही है। एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि अगर युद्ध का तनाव जारी रहा, तो आने वाले दिनों में सोने और चांदी दोनों की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं।

### सोमवार को बढ़ सकती कीमतें

क्योंकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) वीकेंड पर बंद रहता है, इसलिए फ्यूचर्स की कीमतें कुछ समय के लिए स्थिर रहीं। सोने का अप्रैल फ्यूचर्स 1,61,971 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। चांदी का मार्च फ्यूचर्स 2,74,389 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। हालांकि, एनालिस्ट्स को उम्मीद है कि सोमवार को ट्रेडिंग फिर से शुरू होने पर कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। इंटरनेशनल मार्केट में सोना डॉलर 5,278 पर ट्रेड कर रहा है, जबकि चांदी डॉलर 93 प्रति औंस पर है।

### ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट पर पड़ेगा असर

चल रहे युद्ध जैसे हालात से ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट पर काफी असर पड़ने की उम्मीद है। भारत और दुनिया भर के इक्विटी मार्केट में उतार-चढ़ाव या गिरावट आ सकती है। अगर तनाव लंबे समय तक जारी रहता है, तो सोने और चांदी की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं और शायद अब तक के सबसे ऊंचे लेवल तक पहुंच सकती हैं। ग्लोबल संकट के दौरान इन्वेस्टर सुरक्षित और भरोसेमंद इन्वेस्टमेंट के तौर पर कीमती धातुओं की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

# चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट से खाड़ी देशों की उड़ानें स्थगित, यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह






चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। पश्चिम एशिया में बढ़े सैन्य तनाव का असर अब शहर की अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। सुरक्षा कारणों से चंडीगढ़ से दुबई और अबू धाबी के लिए संचालित उड़ानों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। एयरलाइंस कंपनियों ने इसे एहतियाती कदम बताते हुए यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

### आगमन और प्रस्थान दोनों सेवाएं प्रभावित

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, दुबई रूट पर संचालित उड़ान संख्या 6ए1481 (चंडीगढ़-दुबई) और 6ए1482 (दुबई-चंडीगढ़) को फिलहाल रद कर दिया गया है। बाद में हालात को देखते हुए अबू धाबी की उड़ानें भी अस्थायी रूप से रोक दी गईं। इस फैसले के तहत दोनों दिशाओं की सेवाएं — आगमन और प्रस्थान — प्रभावित रहेंगी।

### इंडिगो ने दी राहत

इंडिगो ने यात्रियों को राहत देते हुए घोषणा की है कि 28 फरवरी तक बुक टिकट रखने वाले यात्री 7 मार्च तक की यात्रा के लिए बिना अतिरिक्त शुल्क के अपनी उड़ान की तारीख बदल सकते हैं। साथ ही, चाहें तो पूरा रिफंड लेने का विकल्प भी उपलब्ध है। एयरलाइन ने यात्रियों से आधिकारिक वेबसाइट और कस्टमर केयर के माध्यम से अपडेट लेते रहने की अपील की है।

### एयरपोर्ट प्रशासन की अपील

एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे एयरपोर्ट पहुंचने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अवश्य जांच लें। मौजूदा परिस्थितियों में बिना पुष्टि के यात्रा के लिए निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

### दुबई में फंसीं पीवी सिंधु

इसी बीच दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी दुबई एयरपोर्ट पर फंस गईं। वह बेंगलुरु से बर्मिंघम में होने वाले ऑल इंग्लैंड ओपन में भाग लेने जा रही थीं। एयरस्पेस बंद होने के कारण उनकी आगे की यात्रा प्रभावित हुई।

# कांग्रेस और 'आप' ने 10 सालों में पंजाब को बर्बाद किया: हरसिमरत कौर बादल





सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 01 मार्च। शिरोमणि अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने विधानसभा चुनावों के मद्देनजर शहर का दौरा कर विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में इन दलों ने पंजाब को हर मोर्चे पर नुकसान पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान नेतृत्व जनता से दूर रहा, जबकि आम आदमी पार्टी ने बदलाव के नाम पर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति कमजोर कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज पंजाब में नशा, गैंगस्टरवाद और अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। हरसिमरत कौर बादल ने दावा किया कि अकाली सरकार के समय विकास कार्यों की रफ्तार तेज थी और बठिंडा को मेडिकल, शिक्षा और औद्योगिक केंद्र बनाने की दिशा में काम हुआ। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी बजट में पंजाब की अनदेखी का आरोप लगाया। हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि प्रदेश को फिर से विकास की राह पर लाने के लिए अकाली दल की सरकार जरूरी है। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# जीरकपुर में महिला ने लूट की कोशिश नाकाम की, दो आरोपी मौके पर गिरफ्तार

जीरकपुर, यूटर्न, 01 मार्च। जीरकपुर के भाबत क्षेत्र में पीएनबी बैंक के नजदीक शुक्रवार देर रात एक 54 वर्षीय महिला ने सूझबूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए सशस्त्र लूट की वारदात को नाकाम कर दिया। लोगों की मदद से दोनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे की है। शिवा एन्क्लेव निवासी धन्ना देवी, जो आंगनवाड़ी स्कूल में सहायक के रूप में कार्यरत हैं, काम से घर लौट रही थीं। उनके अनुसार, बैंक के पास एक्टिवा स्कूटर पर सवार दो युवक उनके पास आए। पुलिस के मुताबिक, स्कूटर के पीछे बैठे युवक ने कथित तौर पर चाकू निकालकर धन्ना देवी की गर्दन पर लगा दिया और सोने के कुंडल देने की धमकी दी। इसी दौरान स्कूटर चला रहा युवक, जिसने चेहरे पर मास्क पहन रखा था, नीचे उतरा और उनके दोनों कुंडल छीन लिए। वारदात के बाद जैसे ही आरोपी भागने लगे, धन्ना देवी ने हिम्मत दिखाते हुए चालक का मास्क पकड़ लिया। इससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा। महिला ने शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों आरोपियों को काबू कर लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मौके से छीने गए सोने के कुंडल बरामद कर लिए हैं। थाना जीरकपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# जामा मस्जिद के बाहर रोष प्रदर्शन, ट्रंप-नेतन्याहू का पुतला फूंका



लुधियाना/यूटर्न/1 मार्च। फील्ड गंज स्थित जामा मस्जिद के बाहर शाही इमाम पंजाब मौलाना मुहम्मद उस्मान लुधियानवी की अगुवाई में रोष प्रदर्शन किया गया। शाही इमाम उस्मान लुधियानवीं के मुताबिक प्रदर्शन के दौरान बेंजामिन नेतन्याहू (इजरायल के प्रधानमंत्री) के खिलाफ पुतला फूंका गया। वहीं अयातुल्ला अली खामेनेई (ईरान के सुप्रीम लीडर) की शहादत को लेकर उनके लिए विशेष दुआ भी करवाई गई। शोक सभा को संबोधित करते हुए पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवीं ने कहा कि इजरायल और अमेरिका का यह सरकारी आतंकवाद है। इनकी दादागिरी के आगे दुनिया खामोश है क्योंकि इंसाफ दिलाने वाले भी इनकी गुंडागर्दी के आगे बेबस हो चुके हैं।शाही इमाम ने कहा कि अयातुल्ला अली खामेनेई सिर्फ ईरान ही नहीं बल्कि विश्व भर के मुसलमान के नेता हैं उनकी शहादत को हम सब सलाम पेश करते हैं। उनकी इस कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जाएगा आने वाली नस्ल इस बात को फख से कह सकेंगे कि जब पूरी दुनिया के दिग्गज इजरायल और अमेरिका के आगे घुटने टेक चुके थे तो उसे समय एक बूढ़ा शेर अपने आखिरी सांस तक दुश्मन से लड़ता रहा।

# अमेरिका-इजराइल और ईरान तनाव से भारत के निर्यात पर पड़ सकता है असर - राकेश कपूर



लुधियाना/यूटर्न/1 मार्च। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को लेकर वैश्विक व्यापार जगत में चिंता का माहौल है। उद्योग विशेषज्ञ राकेश कपूर ने कहा कि यदि यह संघर्ष लंबी अवधि तक जारी रहता है या व्यापक रूप लेता है, तो इसका सीधा असर अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं और भारत के निर्यात क्षेत्र पर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि खाड़ी क्षेत्र, विशेषकर होरमुज जलडमरूमध्य, वैश्विक कच्चे तेल आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है। किसी भी सैन्य टकराव से तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ सकती है।

भारत अपनी लगभग 85 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है। ऐसे में तेल की कीमतें बढ़ने से उत्पादन और परिवहन लागत में इजाफा होगा, जिसका असर रसायन, पेट्रोकेमिकल, प्लास्टिक, वस्त्र और इंजीनियरिंग उत्पाद जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों पर पड़ सकता है। राकेश कपूर ने कहा कि यदि तनाव फारस की खाड़ी, लाल सागर या स्वेज नहर तक फैलता है, तो समुद्री परिवहन महंगा और समय-साध्य हो सकता है। बीमा प्रीमियम और मालभाड़ा दरों में वृद्धि से यूरोप, अमेरिका और मध्य-पूर्व को होने वाले निर्यात पर दबाव बढ़ेगा। विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निर्यातकों के लिए लागत में बढ़ोतरी चुनौती बन सकती है।

## नवविवाहित जोड़े को गृहमंत्री अमित शाह का आशीर्वाद



नई दिल्ली, यूटर्न, 01 मार्च। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली स्थित सिरसा निवास पर नवविवाहित जोड़े श्री भवलीन सिंह और सुश्री मनलीन सिरसा को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य और करीबी रिश्तेदार उपस्थित रहे। श्री भवलीन सिंह लुधियाना के सनव्यू टाउनशिप के प्रमोटर हैं, जबकि मनलीन सिरसा पंजाब के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा की पुत्री हैं। विवाह उपरांत आयोजित पारिवारिक समारोह में गृह मंत्री अमित शाह ने नवदंपति को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां अतिथियों ने नवविवाहित जोड़े को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान पारिवारिक परंपराओं के अनुसार आशीर्वाद और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया।परिवार की ओर से उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया।

# सीबीआई कोर्ट के फैसले से एक बार फिर सत्य की जीत हुई - विधायक मदन लाल बग्गा



लुधियाना/यूटर्न/1 मार्च। लुधियाना से आम आदमी पार्टी हल्का नॉर्थ विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल और पंजाब इंचार्ज मनीष सिसोदिया से मुलाकात की और दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई कोर्ट से बरी होने के बाद उन्हें बधाई दी। विधायक मदन लाल बग्गा ने कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक फैसला बताया और कहा कि इससे न्यायिक प्रक्रिया में भरोसा और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि इस फैसले ने देश भर में पार्टी लीडरशिप और वर्कर्स के लगातार बनाए गए स्टैंड को सही साबित किया है। बग्गा ने कहा कि पंजाब में पार्टी लीडर्स और कैडर इस फैसले से राहत और हिम्मत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सच्चाई की - जीत हुई है। यह फैसला न केवल हमारी लीडरशिप के लिए बल्कि देश में डेमोक्रेटिक वैल्यूज के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से आम आदमी पार्टी की कट्टर ईमानदार नीति पर माननीय अदालत ने भी अपनी मुहर लगा दी है।

# CA फाइल 2026 परीक्षा के परिणाम घोषित, 7590 नए सीए बने

नई दिल्ली, यूटर्न, 01 मार्च। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा आयोजित जनवरी 2026 सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है।



आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस बार कुल 7,590 परीक्षार्थी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में सफलता प्राप्त की।

ग्रुप-I में 53,652 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 11,282 उम्मीदवार उत्तीर्ण रहे। इस ग्रुप का उत्तीर्ण प्रतिशत 21.03% दर्ज किया गया। वहीं ग्रुप-II में 38,169 परीक्षार्थियों में से 3,726 अभ्यर्थी सफल हुए और पास प्रतिशत 9.76% रहा। दोनों ग्रुप एक साथ देने वाले 22,293 उम्मीदवारों में से 2,446 ने सफलता हासिल की, जिसका पास प्रतिशत 10.97% रहा।

इस अवसर पर सीए विशाला गर्ग ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सीए परीक्षा देश की सबसे चुनौतीपूर्ण पेशेवर परीक्षाओं में से एक है और इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और धैर्य का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि उनके परिवार और शिक्षकों के लिए भी गर्व का विषय है।

संस्थान ने ऑल इंडिया स्तर पर शीर्ष तीन रैंक धारकों की सूची भी जारी की है। परिणाम घोषित होते ही देशभर में सफल अभ्यर्थियों और उनके परिवारों में उत्साह का माहौल है।

# पंजाब सखी शक्ति मेला बना महिला सशक्तिकरण की मिसाल





दिनेश मौदगिल

खन्ना, लुधियाना, यूटर्न, 1 मार्च। पंजाब सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और पंजाबी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खन्ना में आयोजित किए जा रहे 'पंजाब सखी शक्ति मेला' प्रदेश भर में लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। यह मेला न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि पंजाबी संस्कृति को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में दो जांबाज महिला अधिकारियों की भूमिका बेहद सराहनीय रही है। सिविल प्रशासन की ओर से एस.डी.एम. स्वाति टिवाना और पुलिस प्रशासन की ओर से एस.एस.पी. डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने दिन-रात मेहनत कर मेले के सुचारु संचालन की जिम्मेदारी संभाली है। योजना निर्माण से लेकर रोजाना निरीक्षण तक दोनों अधिकारी पूरी तरह सक्रिय और समर्पित नजर आ रहे हैं। एस.डी.एम. स्वाति टिवाना ने मेले की तैयारियां लगभग एक माह पहले ही शुरू कर दी थीं। विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करवाया गया। स्टॉलों की स्थापना, महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, स्टार नाइट की व्यवस्था, सफाई, बिजली, पानी, चिकित्सा सुविधाएं और पेयजल जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं की निगरानी वे स्वयं कर रहे हैं। मेले के दौरान भी वे लगातार मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेती हैं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

यूटर्न टाइम

# सुरक्षित और शांतिपूर्ण होली के लिए पंचकूला पुलिस मुस्तैद







पंचकूला\यूटर्न\ 01 मार्च। रंगों के पर्व होली को भाईचारे और सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पंचकूला पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने जिलावासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि वे दूसरों की भावनाओं और संवेदनशीलता का सम्मान करते हुए त्योहार मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हुड़दंग या अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के अनुसार, जिले में करीब 370 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जिनकी निगरानी एसीपी स्तर के अधिकारी करेंगे। शहर भर में 35 विशेष नाके लगाए गए हैं, जिनमें से 16 पर एल्कोसेंसर से जांच होगी, ताकि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती की जा सके। इसके अलावा 25 राइडर, 19 ईआरवी और 11 पीसीआर गाड़ियां लगातार गश्त करेंगी। डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन और मॉडिफाइड साइलेंसर से शोर मचाने वालों पर भी कार्रवाई होगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 या नजदीकी थाने में दें, ताकि होली सुरक्षित और शांतिपूर्ण रहे।

# युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध हरियाणा सरकार : नरेंद्र सिंह

कुलदीप सैनी




पंचकूला, यूटर्न, 01 मार्च। हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय नेचर कैंप थापली भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने निर्धारित ट्रैकिंग गतिविधि सफलतापूर्वक पूर्ण की। इस कार्यक्रम में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप का उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के निकट लाकर उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि ट्रैकिंग जैसी साहसिक गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार शिक्षा, कौशल विकास, खेल और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। डेप्युटी रेंज ऑफिसर विजय नेहरा ने जानकारी दी कि ट्रैकिंग के दौरान विद्यार्थियों ने प्राकृतिक पगडंडियों पर चलते हुए विभिन्न वनस्पतियों, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने इस अनुभव को प्रेरणादायक और अविस्मरणीय बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सरकार और युवा कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने की इच्छा जताई।

# होली के मद्देनजर कालका रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा चाक-चौबंद

## पुलिस-जीआरपी-आरपीएफ का संयुक्त सघन चेकिंग अभियान




कुलदीप सैनी

कालका/पंचकूला, 01 मार्च। होली के त्योहार को देखते हुए कालका रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस ने रविवार को विशेष सर्च एवं कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। यह अभियान थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनसा राम के नेतृत्व में जीआरपी और आरपीएफ के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। अभियान के दौरान स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वारों, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालयों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा यात्रियों के बैग और सामान की बारीकी से तलाशी ली। स्टेशन परिसर के हर कोने में कॉम्बिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि त्योहारों के दौरान ट्रेनों और स्टेशनों पर भीड़ बढ़ जाती है, जिसका फायदा असामाजिक तत्व उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और आगामी दिनों में निगरानी और सख्त की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी लावारिस वस्तु, बैग या संदिग्ध डिब्बे को न छुएं और तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन पर सूचना दें।

# चंडीगढ़ इंटरनेशनल मैराथन! 3500 से अधिक प्रतिभागी दौड़े, इथोपिया और केन्या के धावकों का दबदबा, लाखों रुपये इनाम में जीते

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। स्मार्टसिटी में रविवार को आयोजित चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय मैराथन में इथोपिया और केन्या के धावकों का दबद रहा। पहली बार इतने बड़े स्तर पर कराई गई मैराथन में 18 से लेकर 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 3500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

आठ देशों से 38 अंतरराष्ट्रीय धावकों और 21 दिव्यांग प्रतिभागियों की भागीदारी ने इसे एक समावेशी और वैश्विक खेल आयोजन का स्वरूप प्रदान किया। बड़े चेहरे भी इस दौड़ का हिस्सा बने। विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को 1 करोड़ 16 लाख रुपये की इनामी राशि दी गई।







रन, राइज, रिपीट के संदेश के साथ मैराथन की शुरूआत और समापन सेक्टर-1 स्थित चंडीगढ़ क्लब से हुआ। फ्लैग ऑफ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने किया। अलग-अलग इवेंट का फ्लैग ऑफ सुबह 4 से 7 बजे के बीच किया गया।

प्रशासक खुद 5 किलोमीटर की दौड़ के प्रतिभागी बने। शहर में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। प्रशासक ने कहा कि भविष्य में साइकिल मैराथन कराने पर विचार किया जा रहा है। सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के व्यापक इंतजाम रहे। कई रूट डायवर्ट किए गए।

## किस इवेंट में कितने प्रतिभागी

- 42 किमी (फुल मैराथन) 323
- 21 किमी (हाफ मैराथन) 740
- 10 किलोमीटर की दौड़ 1270
- 5 किलोमीटर की दौड़ 1168

इनाम राशि

फुल मैराथन (42 किमी) ओवरऑल (पुरुष एवं महिला)-प्रथम - 7,00,000, द्वितीय -5,00,000, तृतीय - 3,00,000 - हाफ मैराथन (21 किमी) - ओवरऑल (पुरुष एवं महिला) प्रथम - 4,00,000 द्वितीय - 3,00,000, तृतीय - 1,50,000 10 किमी दौड़ - ओवरऑल (पुरुष एवं महिला) प्रथम - 2,00,000, द्वितीय - 1,50,000, तृतीय - 1,00,000

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 खामेनेई की हत्या, ईरान ने अलीरेजा आराफी को...

# डड्डुमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर प्रशासन घिरा, फंड मिलने के बावजूद निस्तारण में देरी का आरोप

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। शहर के डड्डुमाजरा डंपिंग ग्राउंड को लेकर प्रशासन और नगर निगम एक बार फिर निशाने पर हैं। समाजसेवी एवं हरियाणा के एडवोकेट जनरल कार्यालय के सेवानिवृत्त अधीक्षक राजबीर सिंह भारतीय ने आरोप लगाया है कि केंद्र से फंड स्वीकृत होने के बावजूद कचरे के पहाड़ के निस्तारण में लगातार देरी की जा रही है, जिससे आसपास के इलाकों के निवासियों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्मार्ट सिटी' का दर्जा रखने वाला चंडीगढ़ आज डड्डुमाजरा, धनास, मलोया और आसपास के सेक्टरों में रहने वाले लोगों को स्वच्छ वातावरण देने में असफल साबित हो रहा है। उनके अनुसार डंपिंग ग्राउंड अब प्रशासनिक देरी का नहीं, बल्कि गंभीर जनस्वास्थ्य संकट का मुद्दा बन चुका है।






## संसद में उठा मुद्दा, फंड की पुष्टि

हाल ही में संसद में चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी द्वारा डंपिंग ग्राउंड के निस्तारण को लेकर प्रश्न उठाया गया था। इस पर आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने जवाब देते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत 42.18 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें 28.50 करोड़ केंद्र का अंश है। राजबीर सिंह भारतीय का कहना है कि जब केंद्र सरकार फंड जारी कर चुकी है, तो अब देरी के लिए संसाधनों की कमी का हवाला देना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण नगर निगम और चंडीगढ़ प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## पांच डेडलाइन फेल, 7.67 लाख मीट्रिक टन कचरा शेष

भारतीय ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा तय की गई पांच समय-सीमाएं 31 दिसंबर 2024, 31 मार्च 2025, 31 जुलाई 2025, 30 नवंबर 2025 और 31 जनवरी 2026 पूरी नहीं हो सकीं। उनके अनुसार लगभग 7.67 लाख मीट्रिक टन कचरा अब भी डड्डुमाजरा और आसपास के क्षेत्रों के लिए गंभीर पर्यावरणीय खतरा बना हुआ है।



राजबीर सिंह भारतीय

## स्वास्थ्य सर्वे और पर्यावरण ऑडिट की मांग

राजबीर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में अब तक घर-घर जाकर कोई व्यापक मेडिकल सर्वे नहीं कराया गया। उन्होंने दमा, कैंसर और त्वचा रोगों के संभावित मामलों का डेटा सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही मानसून के दौरान कचरे से निकलने वाले लीचेट (जहरीले तरल) से भूजल प्रदूषण की आशंका जताते हुए स्वतंत्र लैब से वायु गुणवत्ता (AQI) और भूजल की जांच कराने की मांग की गई है।

## हाईकोर्ट जाने की चेतावनी

भारतीय ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए तो मामले को दोबारा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका (PIL) और अवमानना याचिका के माध्यम से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा चंडीगढ़ को केवल स्मार्ट सिटी का टैग नहीं, बल्कि सांस लेने योग्य स्वच्छ हवा की आवश्यकता है।

## प्रमुख मांगें

01. प्रभावित क्षेत्रों में स्वतंत्र मेडिकल सर्वे और डेटा सार्वजनिक किया जाए।
02. वायु और भूजल की स्वतंत्र पर्यावरणीय जांच कराई जाए।
03. बार-बार डेडलाइन चूकने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।
04. प्रदूषण से प्रभावित नागरिकों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाए।

फिलहाल प्रशासन या नगर निगम की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# राम दरबार फेस-2 में टूटी सड़क से बढ़ा हादसों का खतरा, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से लगाई मरम्मत की गुहार

अजीत झा

चंडीगढ़। शहर के वार्ड नंबर-19 स्थित राम दरबार फेस-2 में गवर्नमेंट हाई स्कूल टी-पॉइंट के सामने और गुरुद्वारा साहिब के नजदीक सड़क की खराब हालत स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क के कारण रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पूरी तरह टूट चुकी है, जिससे दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलकर गिर रहे हैं। कई लोग घायल हो चुके हैं, वहीं स्कूल के पास होने के कारण स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है। सुबह और छुट्टी के समय बच्चों का इस रास्ते से गुजरना जोखिम भरा साबित हो रहा है।

निवासियों का कहना है कि गवर्नमेंट हाई स्कूल सड़क से कुछ ही दूरी पर स्थित है, लेकिन सड़क की हालत किसी खतरनाक मार्ग जैसी हो गई है। लोगों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण बताते हुए जल्द समाधान की मांग की है।





## पार्षद और प्रशासन पर उठे सवाल

समाजसेवक अरविन्द सिंह ने आरोप लगाया कि वार्ड की पार्षद, जो आम आदमी पार्टी से संबंधित हैं, समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में सक्रिय नजर नहीं आ रही हैं। लोगों का कहना है कि कई बार स्थानीय निवासियों द्वारा समस्या से अवगत कराया उसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।





## प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम कमिश्नर और चीफ इंजीनियर से मौके का निरीक्षण कर सड़क की तत्काल मरम्मत और री-कारपेटिंग कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

# एप्सटिन फाइल्स विवाद: डड्डूमाजरा में महिला कांग्रेस का रोष प्रदर्शन, केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग




चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। कथित 'एप्सटिन फाइल्स' में नाम सामने आने के मुद्दे पर महिला कांग्रेस ने डड्डूमाजरा में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया और हस्ताक्षर अभियान चलाया। प्रदर्शन का नेतृत्व चंडीगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव ममता डोगरा ने किया। कार्यक्रम अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. साक्षी चौधरी ने किया। कार्यकर्ताओं ने तख्तियां और संदेश लिखी टी-शर्ट पहनकर सड़क पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दर्ज कराया। ममता डोगरा ने कहा कि यदि किसी सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति का नाम किसी विवादित दस्तावेज में आता है, तो निष्पक्ष जांच के लिए उसे पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने नैतिक आधार पर मंत्री से इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मामले की पारदर्शी जांच की भी मांग उठाई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान अन्य जिलों में भी चलाया जाएगा और ज्ञापन संबंधित अधिकारियों को सौंपे जाएंगे।

Happy Anniversary



Abhey Kumar Jain & Usha Rani Jain

# चंदर नगर स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में भक्ति रंगों संग मनाया गया होली उत्सव

लुधियाना/यूटर्न/1 मार्च। लुधियाना के चंदर नगर स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर सिद्ध पीठ शाखा में होली उत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के रंगों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्ध पीठ) की ओर से भव्य हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान पंडित सरोज मिश्रा ने विधिवत रूप से श्री ठाकुर जी की पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। संकीर्तन की शुरूआत गणेश वंदना और ह्यहरे कृष्ण हरे रामह्न महामंत्र के सामूहिक जाप से हुई। मंडल के केशव जोशी एवं विशाल अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत



मधुर होली भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जैसे ही भक्तों ने एक साथ श्री राधा नाम का गायन किया, पूरा परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया।संकीर्तन मंडल का उद्देश्य हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को नाम रस से जोड़ना है। संकीर्तन के उपरांत श्री ठाकुर जी को भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर माधव कालड़ा, राहुल बस्सी, विशाल वशिष्ठ, शुभम ढल, सतीश वशिष्ठ, दिलप्रीत कालरा, राजीव खोसला, मनीष वशिष्ठ,अरुण टंडन,विशाल ढल, मुनीश नंदा, तरुण सलूजा, हनी सिक्का, भव्य सिक्का, अमित गुगलानी, सतीश ढल, शाम सुंदर ढल, सुरिंदर नारंग, सोनू गंभीर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।मं डल द्वारा विशेष होली संकीर्तन 4 मार्च, बुधवार को कुंदन पुरी, उपकार नगर दशहरा ग्राउंड के पास में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Property Mutation क्या है? क्या Mutation से स्वामित्व तय हो जाता है?

किसी व्यक्ति के निधन या संपत्ति के हस्तांतरण के बाद अक्सर अगला कदम होता है — Mutation कई लोग यह मान लेते हैं कि नाम रिकॉर्ड में चढ़ गया, तो अब मालिकाना हक भी पक्का हो गया। लेकिन कानून में Mutation और Ownership एक ही बात नहीं हैं।

Mutation का अर्थ है राजस्व रिकॉर्ड (जैसे नगर निगम, तहसील या पंचायत रिकॉर्ड) में नए व्यक्ति का नाम दर्ज करना। इसका उद्देश्य मुख्यत: संपत्ति कर (property tax) या सरकारी रिकॉर्ड को अपडेट करना होता है। यह एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, न्यायिक निर्णय नहीं।

यदि संपत्ति किसी Will, Sale Deed या उत्तराधिकार के आधार पर मिली है, तो संबंधित दस्तावेजों के आधार पर Mutation किया जाता है। लेकिन यह ध्यान रखना जरूरी है कि Mutation केवल रिकॉर्ड सुधारता है; यह स्वामित्व का अंतिम प्रमाण नहीं बनता।

अक्सर विवाद तब पैदा होते हैं जब किसी व्यक्ति का नाम Mutation में दर्ज हो जाता है और वह स्वयं को पूर्ण मालिक घोषित कर देता है। अदालतें स्पष्ट कर चुकी हैं कि Mutation ownership तय नहीं करता। स्वामित्व दस्तावेजों, कानून और न्यायिक निर्णयों से निर्धारित होता है, न कि केवल राजस्व रिकॉर्ड से।

यह भी संभव है कि नाम Mutation में चढ़ जाए, लेकिन बाद में अदालत में स्वामित्व विवाद उठे और फैसला किसी अन्य के पक्ष में जाए। ऐसे मामलों में Mutation रिकॉर्ड भी बदलना पड़ सकता है।

निष्कर्ष: Mutation प्रशासनिक औपचारिकता है, स्वामित्व का अंतिम प्रमाण नहीं। संपत्ति के वास्तविक अधिकार दस्तावेजों और कानून से तय होते हैं। इसलिए Mutation को अंतिम हक का प्रमाण समझना एक सामान्य लेकिन गंभीर भूल है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### युद्ध देशों के बीच और शामत आम जनता की।

जब दो देश आपस में युद्ध लड़ रहे होते हैं, तब सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। युद्ध केवल सीमाओं पर सैनिकों के बीच नहीं होता, बल्कि उसका असर शहरों, गांवों और घरों तक पहुंचजाता है। अक्सर राजनीतिक फैसलों और सत्ता की लड़ाइयों के बीच आम लोगों की पीड़ा को समझने की कोशिश कम ही की जाती है। युद्ध के समय नागरिकों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सबसे पहले सुरक्षा का संकट पैदा हो जाता है। बमबारी, गोलीबारी और हिंसा के कारण लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ता है। कई परिवार बिछड़ जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई रुक जाती है, अस्पतालों में दवाइयों की कमी हो जाती है और रोजगार के साधन समाप्त होने लगते हैं। खाद्य पदार्थों, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी आम बात हो जाती है। महंगाई बढ़ जाती है और गरीब वर्ग कीस्थिति और भी खराब हो जाती है।

मानसिक तनाव और भय का वातावरण लोगों के जीवन को अस्थिर कर देता है।

इसलिए यह आवश्यक है कि युद्ध की स्थिति में केवल रणनीति और जीत-हार पर ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा, उनके अधिकारों और उनकी आवश्यकताओं पर भी गंभीरता से विचार किया जाए। शांति ही मानवता के लिए सबसे बड़ा समाधान है।

# प्रथम बार लड्डू एवं पुष्प होली का भव्य आयोजन, तीन घंटे तक झूमते रहे श्रद्धालु

डेराबस्सी, यूटर्न, 01 मार्च। डेराबस्सी में प्रथम बार वृंदावन की सुप्रसिद्ध लड्डू एवं पुष्प होली का भव्य आयोजन घोलूमाजरा स्थित ग्लास पैलेस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्विंटलों की मात्रा में लड्डुओं तथा विविध रंगों के पुष्पों का उपयोग किया गया। इस अद्वितीय आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भक्तिरस का अनुपम आनंद प्राप्त किया। यह आयोजन समाजसेवी जिंदल परिवार द्वारा अपने पुत्र नितिन जिंदल एवं पुत्रवधू पूनम जिंदल की रजत वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविख्यात भजन गायक चित्र विचित्र (वृंदावन) ने अपने सुमधुर एवं भावपूर्ण भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



लड्डू एवं पुष्प होली में आनंदित होते श्रद्धालु।



भजन प्रस्तुत करते भजन गायक चित्र-विचित्र वृंदावन वाले।

'सभी मोरपंख वाला मिल गया', 'हमारे दो ही रिश्तेदार, एक बांके बिहारी, दूसरी राधा रानी सरकार', 'मन चल वृंदावन चलिए' जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति के दौरान संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। लगभग तीन घंटे तक श्रद्धालु भक्ति-संगीत की स्वर लहरियों पर झूमते रहे।

इस अवसर पर वृंदावन से लाया गया बनके बिहारी का दिव्य स्वरूप तथा हनुमान जी की आकर्षक झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं को लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया गया तथा सभी के लिए प्रीतिभोज की सुसज्जित व्यवस्था की गई।

## पंजाब सखी शक्ति मेला-2026: विरसे, रौनक और संस्कृति का महाकुंभ बना खन्ना



खन्ना, यूटर्न, 01 मार्च। दशहरा ग्राउंड में आयोजित पंजाब सखी शक्ति मेला-2026 अपने अंतिम चरण में पहुंचते हुए सांस्कृतिक उल्लास का केंद्र बना हुआ है। 2 मार्च को समापन समारोह में मशहूर पंजाबी गायक मनमोहन वारिस और कमल हीर की जोड़ी प्रस्तुति देगी। इस सरप्राइज का खुलासा कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध ने किया, जिसके बाद मैदान तालियों से गूंज उठा। मंत्री सौंध ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब फिर मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों की धरती बन रहा है। उन्होंने बताया कि मेलों का बजट 5 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये किया गया है, जिससे सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

# ICAI लुधियाना शाखा ने 2026-27 के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की



लुधियाना, पंजाब, यूटर्न, 01 मार्च। आईसीएआई की नॉर्दर्न इंडिया रीजनल काउंसिल (NIRC) के अंतर्गत कार्यरत लुधियाना शाखा ने वर्ष 2026झ27 के लिए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों और प्रबंध समिति की घोषणा की है। सीए विकास गोयल को चेयरमैन चुना गया है। शाखा लगभग 2,600 चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों और 5,100 सीए विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करती है।

नई टीम में सीए राकेश कुमार ग्रोवर (उपाध्यक्ष), सीए केशव गुप्ता (सचिव), सीए अवनीत सिंह (कोषाध्यक्ष), सीए शिल्पी शर्मा (लुधियाना निकासा चेयरपर्सन), सीए मोहित वासन (तत्कालीन पूर्व चेयरमैन सह निकासा सदस्य), सीए सुमित भारती गुप्ता, सीए अमन गर्ग और सीए लविश गुप्ता (प्रबंध समिति सदस्य) शामिल हैं। चेयरमैन सीए विकास गोयल ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए पेशेवर उत्कृष्टता, नैतिक मानकों, क्षमता निर्माण और सतत शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि शाखा उच्च गुणवत्ता वाले सेमिनार, कार्यशालाएं, सीपीई कार्यक्रम और छात्र-केंद्रित गतिविधियां आयोजित करेगी। नई समिति तकनीकी उन्नति, जीएसटी, कर सुधार, सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग तथा वित्त व ऑडिट के उभरते क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देगी और उद्योग व शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग मजबूत करेगी।

# स्वदेशी मेले में महिलाओं का सम्मान भारत के तेजी से विकसित होने की निशानी - टिक्का



लुधियाना/यूटर्न/1 मार्च। स्थानीय पीएयू ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेला देश-विदेश में बसे पंजाबियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस मेले में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा पंजाब कार्यकारिणी के सदस्य तथा पंजाब मीडियम उद्योग विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन अमरजीत सिंह टिक्का ने कहा कि महिलाओं का सम्मान भारत के तेजी से विकसित होने की निशानी है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं कई क्षेत्रों में पुरुषों से भी अधिक प्रगति कर रही हैं और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा पुरुषों के बराबर सिद्ध कर रही हैं। उनके कार्यों को देश-विदेश में मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। टिक्का ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी बहनें और बेटियां सेना, चिकित्सा, वकालत, व्यापार तथा अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। आने वाले समय में वे और अधिक मेहनत व समर्पण के साथ बड़ी सफलताएं प्राप्त करेंगी। स्वदेशी मेले में स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया, मालविका सूद, प्रसिद्ध उद्योगपति रजनी वेक्टर, फिल्म अभिनेत्री निर्मल ऋषि तथा महिला आयोग की चेयरपर्सन सहित अनेक महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# जनसमस्याओं को लेकर राजगुरु नगर में बैठक आयोजित





लुधियाना, यूटर्न, 01 मार्च। स्थानीय राजगुरु नगर में जनसमस्याओं को लेकर सेवानिवृत्त अधिकारी बी.एम. कालिया के निवास पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में इलाके की कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या और विकास कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। लुधियाना शहरी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने कहा कि शहर में बिगड़ती कानून-व्यवस्था गंभीर चिंता का विषय है। लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से हर वर्ग प्रभावित है, जबकि सरकार इसके खिलाफ अभियान की सफलता के दावे कर रही है।

बैठक में इलाके के विकास कार्यों पर भी सवाल उठाए गए। पवन दीवान ने कहा कि सड़कों की हालत खराब है और पार्कों में कूड़ा बिखरा रहता है, जबकि नगर निगम स्मार्ट सिटी के दावे करता है। उन्होंने कहा कि विकास जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। बी.एम. कालिया ने हाल ही में सात वाहनों की बैटरियां चोरी होने की घटना का जिक्र करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इंदरजीत कपूर, दविंदर बेदी, एस.एस. खुराना, भूपिंदर सिंह गिल, सुनील शर्मा, डॉ. जगदेव सिंह ग्रेवाल, बाल कृष्ण शर्मा, दिनेश गुप्ता और सुरिंदर ग्रेवाल उपस्थित रहे।

# भाजपा ने हरियाणा से पर्ची-खर्ची का दौर खत्म किया: मुख्यमंत्री नायब सैनी



चंडीगढ़/पंचकूला, यूटर्न, 01 मार्च। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल, पंचकूला में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा से पर्ची और खर्ची की व्यवस्था समाप्त कर युवाओं को मेरिट के आधार पर रोजगार दिया है। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक करीब 1.80 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास सदन में बोलने के लिए केवल झूठ है और वह कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास करता है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 9.22 लाख महिलाओं को चार किस्तों में 634 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

# अमेरिका-इजराइल-ईरान तनाव: भारत के निर्यात पर जोखिम और अवसर

राकेश कपूर

लुधियाना, यूटर्न, 1 मार्च। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव वैश्विक व्यापार के लिए नई अनिश्चितताएँ पैदा कर रहा है। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है, तो भारत के निर्यात क्षेत्र पर इसका सीधा और अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है।

### तेल कीमतों का दबाव

- होरमुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का प्रमुख मार्ग।
- भारत 85% तेल आयात करता है।
- तेल महंगा होने से उत्पादन और परिवहन लागत बढ़ेगी।
- रसायन, पेट्रोकेमिकल, वस्त्र और इंजीनियरिंग सेक्टर प्रभावित।

### शिपिंग और लॉजिस्टिक्स संकट

- लाल सागर व स्वेज नहर में जोखिम बढ़ने की आशंका।
- मालभाड़ा और बीमा प्रीमियम में वृद्धि संभव।
- MSME निर्यातकों पर अतिरिक्त दबाव।

### मुद्रा प्रभाव

- डॉलर मजबूत, रुपये पर दबाव।
- कमजोर रुपया निर्यात को बढ़त दे सकता है, पर आयात महंगा होगा।

### क्षेत्रवार स्थिति

- फार्मा और आईटी अपेक्षाकृत सुरक्षित।
- इंजीनियरिंग, ऑटो और रसायन सेक्टर अधिक संवेदनशील।
- कृषि निर्यात में अवसर उभर सकते हैं।

### समग्र आकलन

- सीमित तनाव का असर अस्थायी।
- लंबी अवधि में निर्यात वृद्धि दर पर दबाव संभव।
- भारत की विविधीकृत निर्यात संरचना और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार राहत कारक।

# अमित शाह की 'ऐतिहासिक बदलाव रैली' को लेकर डेराबस्सी शहरी मंडल की बैठक



डेराबस्सी, यूटर्न, 01 मार्च। हलका डेराबस्सी के सर्कल डेराबस्सी शहरी की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें 14 मार्च को मोगा में आयोजित होने जा रही केंद्रीय गृह मंत्री Amit Shah की 'ऐतिहासिक बदलाव रैली' की तैयारियों और प्रचार-प्रसार को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक मंडल प्रधान पवन धीमान (पम्मा) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक पार्टी हाईकमान और जिला प्रधान संजीव वशिष्ठ के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित की गई।

नेताओं ने कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को पूरी तरह लामबंद किया गया है। कार्यकताओं को निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक संगतों को मोगा रैली में पहुंचाया जाए, ताकि रैली ऐतिहासिक रूप ले सके। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा पंजाब से रविंदर वैष्णव, पूर्व मंडल प्रधान राकेश मेहता, जनरल सेक्रेटरी हरमेश गुप्ता, दिनेश सैणी, नीरज वर्मा, गिरिजा शंकर शर्मा, नरेंद्र शर्मा, राधे श्याम अग्रवाल, गुलशन गोयल, दिनेश वैष्णव, सुमित शर्मा, युवा मोर्चा से राकेश सैणी, अनंत शर्मा, हरीश हांडा, योगेश अत्री, घनश्याम सिंह तथा महिला मोर्चा से रोजी सैणी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अबू धाबी में ईरानी हमले से भारतीय घायल, बैडमिंटन स्टार दुबई फंसी, भारतीय एयरपोर्ट पर यात्री परेशान, एयर इंडिया की फ्लाइट्स रद्द





मुंबई एयरपोर्ट पर यात्री परेशान

लुधियाना/यूटर्न/1 मार्च। अमेरिका-इजराइल का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हवाई हमला जारी है। इन हमलों के कारण भारत समेत कई देश प्रभावित हो रहे हैं। वहीं यूनाइटेड अरब अमीरात प्रशासन ने बताया कि अबू धाबी में ईरान के हमले से एक भारतीय घायल हो गया है। यूएई में भारतीय दूतावास ने बताया है कि उन्हें भारतीय नागरिक के घायल होने की जानकारी है। दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिक के संपर्क में और वह अभी खतरे से बाहर हैं। हम हर संभव मदद कर रहे हैं। खामेनेई की मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद भारत के कई शहरों में प्रदर्शन शुरू हो गए। कश्मीर, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से भी प्रदर्शन की तस्वीरें सामने आई। नई दिल्ली में लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। यूपी की राजधानी लखनऊ में भी शिया मुसलमानों ने मातम मनाया।

### बैडमिंटन स्टार दुबई में फंसी

मिडिल ईस्ट के देशों में इस जंग के कारण हालात बिगड़े हुए हैं। एयरस्पेस बंद होने का असर भारत पर भी दिख रहा है। कई भारतीय दुबई में फंसे हुए हैं। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने पर लिखा- दुबई में हम जहां रुके थे, वहां पर धमाका हुआ। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने पीएम मोदी से मदद मांगी है।

### एअर इंडिया की 50 इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल

रविवार को एअर इंडिया ने 22 इंटरनेशनल फ्लाइट रद्द कीं। अब तक 50 फ्लाइट रद्द की गई हैं। केरल के त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट पर भी मिडिल ईस्ट के देशों से आने वाली 26 फ्लाइट कैंसिल हैं। एविएशन मिनिस्ट्री के मुताबिक भारतीय एयरलाइंस की 444 इंटरनेशनल फ्लाइट रद्द हो सकती हैं। इंडिगो ने भी कुछ इंटरनेशनल फ्लाइट्स 2 मार्च की रात 11.59 बजे तक सस्पेंड की हैं। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार कई फ्लाइट्स रद्द हैं। यात्री परेशान हैं। उन्हें 24 घंटे से ज्यादा समय एयरपोर्ट पर इंतजार करते हो चुका है।

# सेक्टर-26 में सड़क हादसा: कैब सवार दो युवतियां घायल, मेयर ने दिखाई तत्परता



चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। शहर के सेक्टर-26 स्थित स्ट्रॉबेरी स्कूल के नजदीक रविवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना में कैब सवार दो युवतियां घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक अन्य वाहन और कैब के बीच टक्कर हो गई। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने दुर्घटना देख अपनी गाड़ी रुकवाई और तुरंत सहायता के लिए आगे आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मेयर ने स्थानीय लोगों की मदद से कैब चालक और दोनों घायल युवतियों को वाहन से बाहर निकाला।

# मोगा रैली को लेकर डेराबस्सी में भाजपा नेताओं की बैठक





डेराबस्सी, यूटर्न, 01 मार्च। हलका डेराबस्सी के वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार गुरदर्शन सिंह सैणी की ओर से 14 मार्च को मोगा में आयोजित होने जा रही भाजपा की विशाल रैली की तैयारियों को लेकर उनके निवास स्थान पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई। बैठक में हलके के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया और रैली को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सैणी ने कहा कि मोगा रैली पंजाब की राजनीति में एक नया मोड़ साबित होगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से अपील की कि केंद्रीय गृह मंत्री अ॓ृ ँ के विचार सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मोगा पहुंचें। उन्होंने रैली में भरपूर भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान उन्होंने भाजपा की केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पंजाब के लिए तैयार की गई रणनीति पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी पंजाब के सुनहरे भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य को दोबारा विकास की राह पर लाने के लिए भाजपा के पास ठोस योजना है। युवाओं के लिए रोजगार और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना पार्टी की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

सैणी ने कहा कि मोगा में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय रैली पंजाब की राजनीतिक दिशा बदलने का कार्य करेगी। उन्होंने वर्तमान कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में अमन-शांति और भाईचारा केवल भाजपा ही मजबूत कर सकती है। इस दौरान रैली को लेकर विभिन्न नेताओं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां भी तय की गईं। अंत में सैणी ने आगामी होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की अपील की। उन्होंने इस बार फूलों की होली खेलने और प्रकृति के करीब रहकर त्योहार मनाने का संदेश दिया, ताकि स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें।

# ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का नशे के खिलाफ चेतना मार्च, लुधियाना में सैकड़ों लोग शामिल



लुधियाना, यूटर्न, 1 मार्च। ब्राह्मण कल्याण बोर्ड पंजाब द्वारा राज्यभर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत लुधियाना में चेतना मार्च निकाला गया। बोर्ड के चेयरमैन पंकज शारदा की अध्यक्षता में यह मार्च स्थानीय जगरांव पुल से अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को नमन करते हुए शुरू हुआ और नगर निगम जोन-ए स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंकज शारदा ने कहा कि पंजाब के युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में एक साथ चेतना मार्च आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नशे की जड़ें गहरी हो चुकी हैं, जिन्हें समाप्त करने के लिए सरकार और पुलिस के प्रयासों के साथ-साथ आम जनता का सहयोग भी जरूरी है। शारदा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ खुलकर आवाज उठाएं और समाज को इस बुराई से मुक्त करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मार्च में सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर मुहिम को समर्थन दिया।

# आईजी के नाबालिग बेटे सहित अन्य पर मारपीट व तोड़फोड़ का मामला दर्ज



कुलदीप सैनी

पंचकूला, यूटर्न, 01 मार्च। थाना पिंजौर क्षेत्र की पुलिस चौकी अमरावती में मारपीट और तोड़फोड़ के एक मामले में हिमाचल प्रदेश के आईजी के नाबालिग बेटे, उनकी पत्नी तथा अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी जिया लाल के अनुसार, पुलिस चौकी अमरावती को सूचना मिली थी कि सूरजपुर बस स्टॉप के पास दो पक्षों के बीच झड़प हो रही है। सूचना मिलते ही गश्त कर रही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर एक थार गाड़ी के सभी शीशे टूटे हुए पाए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हिमाचल प्रदेश के आईजी विमल गुप्ता के नाबालिग बेटे और उनकी पत्नी ने कथित रूप से मॉल के सामने लाल बत्ती लगी कार को थार के आगे लगाकर रोका। आरोप है कि इसके बाद बेसबॉल के डंडों से मारपीट की गई और थार के शीशे तोड़ दिए गए। बताया जा रहा है कि विवाद पुरानी रंजिश के चलते हुआ। शिकायतकर्ता अनुपम धनवान और मनीष धनवान के बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ इठर की धारा 191, 190, 115, 126, 324 और 351 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

# राजेश इंदर सिंह सिद्धू कांग्रेस की किसान, मजदूर और मनरेगा बचाओ महारैली में काफिले के साथ शामिल हुए

-चरणजीत सिंह चन्न-




जगरांव/यूटर्न/1/मार्च। कांग्रेस पार्टी की किसान, मजदूर और MNREGA बचाओ महारैली बरनाला में कांग्रेस पार्टी की नेशनल प्रेसिडेंट मल्लिका अर्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की लीडरशिप में हुई। पूरे पंजाब से सभी नेताओं और कांग्रेस वर्करों ने इस रैली में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया ताकि देश केंद्र सरकार की नुकसान पहुंचाने वाली पॉलिसियों के खिलाफ एकता के साथ लड़ सके। इसी सिलसिले में पूर्व ब्लॉक प्रेसिडेंट राजेश इंदर सिंह सिद्धू अपने साथियों और कांग्रेस वर्करों के बड़े काफिले के साथ इस रैली में शामिल होने के लिए जगरांव से निकले। इस मौके पर सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है जो हमेशा इंसाफ और एकता का मैसेज देती है। इस पार्टी में हर धर्म और हर जाति को बराबर सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह महारैली (संग्राम) ऐतिहासिक साबित होगी जो देश और पंजाब को एक नई दिशा देगी और केंद्र सरकार द्वारा किसानों और मजदूरों के बारे में लिए गए फैसलों खासकर MNREGA (जी राम जी) का विरोध किया जाएगा ताकि देश के किसानों और मजदूरों को शोषण से बचाया जा सके। इस मौके पर नौनिहाल सिंह (सनी) कक्कड़, बब्बा बस्सी जतिंदर सिंह बिट्टू, लाल चंद शर्मा और कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा की 'बदलाव रैली' की तैयारियां जोरों पर

## अमित शाह के दौरे को लेकर जगरांव में अहम बैठक संपन्न

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/1/मार्च। मोगा के समीप गांव किल्ली चाहलां में 14 मार्च को होने जा रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विशाल 'बदलाव रैली' की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में जगरांव में भाजपा की प्रदेश महिला नेता एवं प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष श्रीमती राशि अग्रवाल ने जिले के पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। गौरतलब है कि इस विशाल रैली को संबोधित करने के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह विशेष रूप से पहुंच रहे हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए राशि अग्रवाल ने प्रदेश के मौजूदा हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंजाब में इस समय कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और हर तरफ 'जंगल राज' का बोलबाला है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च की बदलाव रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकों का दौर जारी है। यह बैठक जिला जगरांव के अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें जिले और मंडल (सर्कल) स्तर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। डॉ. शर्मा ने बताया कि रैली की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों की विशेष ड्यूटियां लगाई गई हैं।

उन्होंने आश्वासन दिया कि सर्कल स्तर पर बैठकें कर कार्यकर्ताओं को रैली में भारी संख्या में पहुंचने के लिए लामबंद किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि रैली के दौरान भाजपा आलाकमान कार्यकर्ताओं को पंजाब के मौजूदा हालात और पार्टी की आगामी रणनीति से अवगत कराएगा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला महासचिव सुमित अरोड़ा, एमसी सतीश पप्पू, टोनी वर्मा, नवनीत गुप्ता, राजपाल जैन, अनिल कुमार सैंटी, गौरव गुप्ता, आशीष गुप्ता, सौरव गर्ग, सुरेश गर्ग, अमित शर्मा, डॉ. निर्मल भुल्लर, रजनीश शर्मा, महिंदर वर्मा और पंडित राम चंद्र सहित कई अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे।

# डर में जीता बचपन, भटकती जवानी: असुरक्षा और नशे के साये में भविष्य




चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। समाज की सबसे बड़ी ताकत उसके बच्चे और युवा होते हैं, लेकिन आज कई परिवारों में उनके भविष्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। बदलते सामाजिक माहौल, बढ़ती असुरक्षा और नशे की लत ने माता-पिता के मन में गहरा भय पैदा कर दिया है। मोबाइल और सोशल मीडिया ने जहां जानकारी का दायरा बढ़ाया है, वहीं धैर्य, अनुशासन और संवाद की आदत को कमजोर भी किया है। कई युवा त्वरित सुख और दिखावे की दुनिया की ओर आकर्षित हो रहे हैं। गलत संगति, तनाव और जिज्ञासा के कारण कुछ युवाओं का रुझान नशे की ओर बढ़ रहा है, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

संबंधों में परिपक्वता और जिम्मेदारी की कमी भी चिंता का विषय है। छोटी-छोटी निराशाएं कई बार गुस्से और हिंसा का रूप ले लेती हैं। वहीं बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवारों की चिंता और बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि समाधान सामूहिक प्रयास में छिपा है। परिवारों में खुला संवाद, स्कूलों में नैतिक शिक्षा और समाज का सहयोग ही युवाओं को सही दिशा दे सकता है। सुरक्षित बचपन और संतुलित युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव हैं।

# मोहाली में महिला बीमा अधिकारी से दुष्कर्म का आरोप, सीनियर अफसर सहित दो के खिलाफ केस दर्ज

मोहाली, यूटर्न, 01 मार्च। शहर में कार्यरत एक महिला बीमा अधिकारी ने अपने सीनियर अफसर और उसके एक साथी पर दुष्कर्म, उत्पीड़न और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसका वरिष्ठ अधिकारी लंबे समय से उसे अनुचित टिप्पणियां करता था और अकेले में मिलने का दबाव बनाता था। शिकायत के अनुसार, आरोपी उसे उसकी सुंदरता को लेकर टिप्पणी करता और कार्यस्थल पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। महिला का आरोप है कि बाद में सीनियर अफसर ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया।



इतना ही नहीं, पीड़िता ने यह भी दावा किया है कि आरोपियों ने उसकी कार और लगभग 25 लाख रुपये भी हड़प लिए। घटना के बाद महिला ने पुलिस में लिखित शिकायत देकर न्याय की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

# MINDSPA वेलफेयर सोसाइटी की पहल: अमृतसर वॉकाथॉन 2026 से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश




अमृतसर, यूटर्न 01 मार्च। MINDSPA वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शफAmbersar में आयोजित अमृतसर वॉकाथॉन 2026 का सफल आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 से 300 नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में इससे जुड़े कलंक को समाप्त करने का संदेश देना था। वॉकाथॉन की शुरुआत ऊर्जावान वार्म-अप सत्र से हुई, जिसके माध्यम से यह रेखांकित किया गया कि शारीरिक सक्रियता और मानसिक स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सिरिवेनेला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में डॉ. ए.आई.एस. भाटिया, डॉ. जे.पी.एस. भाटिया, डॉ. सिमर भाटिया, डॉ. सोहल, डॉ. राणा और डॉ. सेठी सहित कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों की उपस्थिति रही। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, पीटीयू, हिंदू सभा कॉलेज और जीएमसी के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजकों ने कहा कि यह पहल अमृतसर शहर की एकता, जागरूकता और भावनात्मक कल्याण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# चंडीगढ़ सेक्टर 25 में निकली भव्य संविधान यात्रा, सैंकड़ों लोगों ने यात्रा में लिया हिस्सा



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। शहर में रविवार को एक ऐतिहासिक और भव्य 'संविधान यात्रा' निकाली जाएगी। यह यात्रा वाल्मीकि शोभायात्रा कमेटी की अगुवाई में सेक्टर-25 स्थित वाल्मीकि मंदिर से आरंभ होकर पूरे सेक्टर-25 क्षेत्र में भ्रमण करेगी और पुनः मंदिर परिसर में समापन होगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की गई हैं और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।यह आयोजन वाल्मीकि शोभायात्रा कमेटी के सयोंजक समदर्श वेद जोसफ और चेयरमैन विकास चंडालिया की अगुवाई में किया सयोंजक समदर्शी वेद जोसफ ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल्यों समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता और एकता को मजबूत करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आवश्यक हैं। चेयरमैन विकास चंडालिया ने बताया कि यात्रा के दौरान सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# करो या मरो मुकाबले में भारत की दमदार जीत

## वेस्ट इंडीज को 5 विकेट से हराकर चैंपियन टीम ने दिखाई ताकत




कोलकाता, यूटर्न, 01 मार्च। ईडन गार्डन्स में खेले गए अहम मुकाबले में defending चैंपियन भारत ने दबाव के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्ट इंडीज को 5 विकेट से पराजित कर दिया। यह मैच दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण था और भारत ने संयम व आक्रामकता के संतुलन से जीत अपने नाम की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट इंडीज ने बल्लेबाजी के अनुकूल पिच का फायदा उठाया। हालांकि मध्य ओवरों में टीम को हल्का झटका लगा, लेकिन निचले क्रम की जिम्मेदार बल्लेबाजी ने उन्हें प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में रन गति पर नियंत्रण रखने की कोशिश की और अहम मौकों पर विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत संतुलित रही। मध्य क्रम ने जिम्मेदारी संभाली और रनगति को बनाए रखा। एक छोर से शानदार पारी ने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। अंतिम ओवरों में संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम ने लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने न सिर्फ टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत की, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि दबाव की परिस्थितियों में टीम का अनुभव और संतुलन कितना अहम है।

# स्टेट कंस्यूमर डिस्प्यूटस रेडरेसाल कमीशन, चंडीगढ़ का सख्त आदेश: लीकेज क्लेम ठुकराना बीमा कंपनी को पड़ा भारी




चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। हाउस लोन के साथ ली गई बीमा पॉलिसी के बावजूद फ्लैट में हुए लीकेज नुकसान का क्लेम न देना बीमा कंपनी को महंगा पड़ गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने इसे सेवा में कमी मानते हुए बीमा कंपनी पर लाखों रुपये का भुगतान करने का आदेश सुनाया है।

### लोन के साथ ली थी पॉलिसी

शिकायतकर्ता धीरज खन्ना ने जून 2020 में Aditya Birla Housing Finance Limited से 29 लाख रुपये का होम लोन लिया था। इसी के साथ उन्होंने हाउस प्रोटेक्शन इंश्योरेंस पॉलिसी भी खरीदी, जिसके लिए 14,010 रुपये प्रीमियम अदा किया गया। पॉलिसी अगस्त 2020 से जुलाई 2025 तक प्रभावी थी। फ्लैट का कब्जा मिलने के कुछ समय बाद घर में गंभीर क्षति सामने आई। फर्श धंसने लगी, पीओपी और पेंट उखड़ गया, बाथरूम और वॉशिंग एरिया की टाइलें बैठ गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, मरम्मत पर उन्हें 6.18 लाख रुपये खर्च करने पड़े।

### 'इंटरनल लीकेज' बताकर क्लेम खारिज

बीमा कंपनी लिबर्टी जनरल इन्श्योरेन्स ने यह कहते हुए क्लेम अस्वीकार कर दिया कि नुकसान आंतरिक लीकेज के कारण हुआ, जो पॉलिसी में कवर नहीं है। मामला पहले जिला उपभोक्ता आयोग पहुंचा, जहां शिकायत खारिज कर दी गई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील दायर की।

### आयोग का फैसला

राज्य आयोग ने बीमा कंपनी की दलीलों को खारिज करते हुए अपील आंशिक रूप से स्वीकार की। आयोग ने कंपनी को 3.86 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया। साथ ही 31 मई 2022 से भुगतान की तिथि तक 9% वार्षिक ब्याज भी देना होगा। इसके अतिरिक्त, कंपनी को 20 हजार रुपये हजार्ना और 15 हजार रुपये मुकदमा खर्च भी अदा करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का पालन 30 दिनों के भीतर करना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया कि बीमा कंपनियां तकनीकी आधार पर दावों को खारिज कर उपभोक्ताओं को परेशान नहीं कर सकतीं। यह फैसला हाउस लोन के साथ बीमा लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए अहम मिसाल माना जा रहा है।

# अंगदानी अर्शदीप सिंह बने प्रेरणा स्त्रोत, गांव कांगड़ में रक्तदान व अंगदान शिविर आयोजित





नूरपुर बेदी (रूपनगर), यूटर्न, 1 मार्च। गांव कांगड़, निकट नूरपुर बेदी में कमांड अस्पताल (पश्चिमी कमान) चंडीमंदिर द्वारा भारतीय सेना द्वारा उत्तरी भारत की अंगदान संस्था रोटो के सहयोग से स्वर्गीय अंगदानी अर्शदीप सिंह की पावन स्मृति में रक्तदान एवं अंगदान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन समूह गांववासियों और अर्शदीप वेलफेयर सभा द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि फरवरी 2025 में एक सड़क दुर्घटना के बाद अर्शदीप सिंह को ब्रेन डेड घोषित किया गया था। कठिन समय में उनके परिवार ने 16 फरवरी 2025 को अंगदान का साहसिक निर्णय लिया, जिससे छह जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिला। उनका यह निर्णय आज समाज के लिए प्रेरणा बना हुआ है।

शिविर में रक्तदान के साथ अंगदान के महत्व पर विशेष जानकारी दी गई। लिवर प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ता परवीन कुमार रत्तन और जीवित लिवर दाता श्रीमती रूपा अरोड़ा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अंगदान वास्तव में जीवन का दूसरा अवसर है। कार्यक्रम के अंत में दाता परिवार को सम्मानित कर 'रक्तदान करें — आज जीवन बचाएं, अंगदान का संकल्प लें — हमेशा जीवन बचाएं' का संदेश दिया गया।

# आम आदमी पार्टी के समर्थन में बापूधाम से निकली युवा रैली, 82 युवाओं ने दिखाई ताकत



चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। वार्ड नंबर-3 स्थित बापूधाम से रविवार को 82 युवाओं ने एकजुट होकर मोबाइल रैली निकाली और सेक्टर-39 स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय पहुंचकर पार्टी के समर्थन में शक्ति प्रदर्शन किया। युवाओं की इस सक्रिय भागीदारी को पार्टी नेतृत्व ने चंडीगढ़ की राजनीति में उभरते बदलाव का संकेत बताया। रैली का स्वागत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल सिंह, कोषाध्यक्ष जे.डी. घई, पार्षद योगेश ढींगरा, हरदीप सिंह, जसविंदर कौर, मुनावर और रामचंद्र ने किया। इसके अलावा एससी विंग के प्रदेश अध्यक्ष देशराज सनावर और प्रदेश संयुक्त सचिव सनी बैरवा भी मौजूद रहे। रैली का नेतृत्व प्रदेश संयुक्त सचिव गोपाल अत्री और कृष्ण कुमार ने किया, जबकि युवा समूह की अगुवाई सुशील कुमार और जसप्रीत सिंह नोनी ने की। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि युवाओं की बढ़ती भागीदारी यह दशार्ती है कि पारंपरिक राजनीतिक दलों के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी पारदर्शी प्रशासन, सामाजिक न्याय और समान अवसर की राजनीति को आगे बढ़ा रही है, जिससे विशेष रूप से वंचित और पिछड़े वर्गों को लाभ मिलेगा। नेताओं ने कहा कि बापूधाम से निकला यह संदेश साफ है—चंडीगढ़ का युवा अब दर्शक नहीं, बल्कि बदलाव की अगुवाई करने के लिए तैयार है।

# जालंधर के वरदान अस्पताल पर फायरिंग, एसीपी-एसएचओ सस्पेंड, लापरवाही करने पर एक्शन

जालंधर/यूटर्न/1 मार्च। जालंधर के मोता सिंह नगर स्थित वरदान अस्पताल (IVF सेंटर) पर फायरिंग की वारदात के बाद पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने इस मामले को पुलिस की लापरवाही करार देते हुए एसीपी मॉडल टाउन परमिंदर सिंह और मॉडल टाउन थाने के SHO रविंदर कुमार को सस्पेंड कर दिया है।

IVF सेंटर पर एक बदमाश ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। उसने करीब 3 सेकेंड में 4 गोलियां चलाईं, जो सेंटर के गेट को चीरते हुए आर-पार निकल गईं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया। फुटेज में दिख रहा है कि एक युवक बाइक पर आता है और उसने हेलमेट पहन रखा है। फायरिंग के दौरान भी उसने हेलमेट नहीं उतारा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से बाइक पर फरार हो गया। घटना रात करीब साढ़े 9 बजे की है। सूचना मिलते ही मॉडल थाने की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर



आरोपी की पहचान के लिए टेक्निकल टीमों को लगाया। फिलहाल इस घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## गोलियां चलने से दहशत में अस्पताल स्टाफ

जानकारी के अनुसार, गोलियां चलने की घटना के वक्त अस्पताल में स्टाफ के कुछ लोग मौजूद थे। गोलियों की आवाज के बाद स्टाफ दहशत में है। घटना की सूचना मिलते ही थाना 6 की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि अस्पताल के गेट पर गोलियों के निशान हैं। हमलवार ने करीब 4 से 5 राउंड फायर किए हैं। पुलिस ने कहा कि आरोपी की पहचान के लिए उसकी बाइक के नंबर से एड्रेस का पता लगाया जा रहा है। युवक ने हेलमेट पहन रखा था, इसलिए उसका चेहरा नहीं दिख रहा। उसके एंट्री और एग्जिट पाइंट पर लगे कैमरों को भी चेक किया जाएगा।

## फरवरी में गोलीबारी की तीसरी सबसे बड़ी वारदात

जालंधर में फरवरी में हुई फायरिंग की ये तीसरी बड़ी वारदात है, जिसमें बड़े लोगों को निशाना बनाया गया है। 6 फरवरी को अअढ नेता लक्की ओबरॉय की गुरुद्वारा मॉडल टाउन के बाहर 6 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। स्कूटी पर आए दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद 27 फरवरी को संतोखपुरा में डॉ. यशपाल के घर पर बाइक सवार 2 लोगों ने फायरिंग कर की थी। पुलिस ने बताया कि 10 राउंड फायर किए गए थे।

# तस्करों ने सरपंच की टांगें-सिर की हड्डी तोड़ीं, चिट्टे की जानकारी देने पर हमला, 2 बाइक पर 5 लोग आए

पंजाब/यूटर्न/1 मार्च। जालंधर के महतपुर इलाके जमहूरी किसान सभा के नेता और सरपंच महिंदर सिंह पर नशा तस्करों ने जानलेवा हमला किया है। हमले में सरपंच की टांगों में फ्रैक्चर आया है और सिर में गहरी चोट लगी है। गंभीर हालत में सरपंच को जालंधर के अरमान अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना को लेकर महतपुर के लोगों और किसान जत्थेबंदियों के लोगों ने थाना महतपुर के आगे प्रदर्शन किया। किसान नेताओं और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ये सब चिट्टे की सूचना देने पर हुआ है। सरपंच पंजाब सरकार की युद्ध नशे विरुद्ध मुहिम के तहत लगातार चिट्टा बेचने वालों की सूचना पुलिस को दे रहा था। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने तस्करों पर कार्रवाई करने की जगह सरपंच की सूचना ही



तस्करों को दे दी जिस पर तस्करों ने उस पर हमला कर दिया। घटना के वक्त बूटा छन्ना के सरपंच पत्नी के साथ सुबह साढ़े 6 बजे खेत में जा रहे थे। जैसे ही वह खेत में पहुंचे तो वहां पहले से छिपे बैठे कुछ लोगों ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर जब तक लोग पहुंचे तो हमलावर भाग निकले।

## पुलिस की ढीली कार्रवाई से तस्करों के हौसले बुलंद

सरपंच पर हमले के बाद गुस्साए लोगों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए और थाना महतपुर के सामने धरना लगा दिया। लोगों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों और किसान नेताओं ने कहा कि सरपंच महिंदर सिंह लगातार पुलिस प्रशासन को इलाके में बिक रहे चिट्टे और नशा तस्करों के बारे में जानकारी दे रहे थे। लोगों ने आरोप लगाया कि जानकारी देने के बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे तस्करों के हौसले बुलंद हैं।

## तस्करों को ही सरपंच का नाम बता दिया

लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई करने की बजाए तस्करों को ही सरपंच का नाम बता दिया, जिससे उनकी दुश्मनी बढ़ गई। 1 फरवरी की सुबह जब सरपंच अपनी पत्नी के साथ खेत पर जा रहे थे तो हमलावरों ने उन पर रॉड और हथियारों से हमला कर दिया।

इस हमले में सरपंच के सिर पर गंभीर चोटें आई और उनकी टांगें तोड़ दी गईं। फिलहाल उनकी हालत गंभीर है और वे जालंधर में एडमिट हैं।

# सभी सरकारी विभागों में सोलर पैनल लगाने का प्रस्ताव, बजट होगा जनकल्याणकारी : अनिल विज




चंडीगढ़, यूटर्न, 01 मार्च। हरियाणा के श्रम, ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में सोलर पैनल अनिवार्य किए जाने का प्रस्ताव सरकार को दिया गया है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले और बिजली खर्च में कमी आए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी बजट को लेकर लगातार बैठकों में जुटे हैं और सभी वर्गों से सुझाव लिए गए हैं। विज ने उम्मीद जताई कि यह बजट प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण को समर्पित होगा। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए विज ने उन्हें कांग्रेस के लिए घातक करार दिया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनावी हार के बावजूद कांग्रेस नेतृत्व वास्तविकता स्वीकार नहीं कर रहा। विज के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति का स्वरूप बदलते हुए 2047 तक विकसित भारत का विजन दिया है, जिसके चलते आज देश की वैश्विक स्तर पर मजबूत पहचान बनी है। पंजाब की राजनीति पर बोलते हुए विज ने दावा किया कि आने वाले समय में वहां भाजपा को जनता का समर्थन मिलेगा।

# 2027 में 'आप' को 100 सीटों का तोहफा देगा पंजाब: भगवंत मान





नई दिल्ली, यूटर्न, 1 मार्च 2026। जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी की रैली को वर्चुअली संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में तानाशाही राजनीति को बदलने की लड़ाई में पंजाब पूरी मजबूती से 'आप' के साथ खड़ा है और 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 100 सीटों का तोहफा देगा। मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पूरी पार्टी चट्टान की तरह डटी हुई है। भाजपा ने साजिश के तहत 'आप' को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन अब वह देश के सामने बेनकाब हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार पंजाब विरोधी है और आरडीएफ व जीएसटी के करोड़ों रुपये रोककर बैठी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की है। उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी ने देश की राजनीति को शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और रोजगार जैसे मुद्दों पर केंद्रित किया है। मान ने विश्वास जताया कि पार्टी और मजबूत होकर उभरेगी तथा पंजाब में दोबारा भारी बहुमत से सरकार बनाएगी।



# खामेनेई की हत्या, ईरान ने अलीरेजा अराफी को लीडरशिप काउंसिल में शामिल किया

चंडीगढ़/यूटर्न/1 मार्च। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और टॉप सिक्योरिटी अधिकारी यूएस और इजराइल के लगातार हमलों में मारे गए हैं। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने बदला लेने का वादा किया है और कहा है कि उसने मिडिल ईस्ट में यूएस सैनिकों के 27 बेस और तेल अवीव में इजराइली मिलिट्री ठिकानों पर हमले किए हैं। कतर और वअए में धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही हैं।

ईरान ने रविवार को सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद अयातुल्ला अलीरेजा अराफी को अपनी अंतरिम लीडरशिप काउंसिल में शामिल किया, जो देश की बागडोर संभालेगी। अंतरिम काउंसिल, जिसमें प्रेसिडेंट और ज्यूडिशियरी के हेड भी शामिल होंगे, तब तक देश को लीड करेगी जब तक कि एक्सपर्ट्स की असेंबली जल्द से जल्द एक परमानेंट लीडर का चुनाव नहीं कर लेती।



## इजराइल और खाड़ी अरब देशों पर मिसाइलें दागी

रविवार को ईरान की राजधानी में एक जबरदस्त धमाका हुआ, जब इजराइली सेना ने कहा कि वह शहर के बीचों-बीच हमला कर रही है। इससे पहले, ईरान ने मिस्टर खामेनेई के लिए अमेरिका और इजराइल द्वारा बड़े पैमाने पर बदले की कार्रवाई की कसम खाने के बाद इजराइल और खाड़ी के अरब देशों में टारगेट पर मिसाइलें दागीं।

## खामेनेई की हत्या मुस्लमानों के खिलाफ जंग

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रविवार को कहा कि मिस्टर खामेनेई की हत्या मुसलमानों के खिलाफ जंग का ऐलान है। ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारीजानी ने इस्लामिक रिपब्लिक पर उनके हमलों के बाद, जिसमें देश के सुप्रीम लीडर की मौत हो गई थी, अमेरिका और इजराइल पर पहले कभी नहीं देखी गई ताकत से हमला करने की कसम खाई। कोविड-19 के बाद से दुनिया भर में हवाई ट्रांसपोर्ट में सबसे बड़ी रुकावट रविवार को भी जारी रही, जिसमें हजारों उड़ानें प्रभावित हुईं और दुबई और दोहा सहित पश्चिम एशिया के व्यस्त हब बंद हो गए क्योंकि अमेरिका-इजराइली हमलों के बाद ईरान ने हमला किया।

# खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने 40 दिन का शोक शुरू किया

चंडीगढ़/यूटर्न/1 मार्च। ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल के लगातार हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने 40 दिन का शोक शुरू कर दिया है। शनिवार के हमलों में खामेनेई की बेटी, दामाद और पोते के साथ टॉप सिक्योरिटी अधिकारी भी मारे गए। ये हत्याएं 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान की लीडरशिप के लिए सबसे बड़े झटकों में से एक हैं। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के ऑफिस से जारी एक बयान के मुताबिक, उन्होंने इस हत्या की निंदा करते हुए इसे एक बड़ा जुर्म बताया। उन्होंने 40 दिन के शोक के अलावा सात दिन की पब्लिक छुट्टियों का भी ऐलान किया।



**खामेनेई की हत्या पर विरोध प्रदर्शन शुरू...**तेहरान से रिपोर्टिंग करते हुए, अल जजीरा के तोहिद असदी ने कहा कि खामेनेई की हत्या की खबर के बाद लोग राजधानी की सड़कों पर उमड़ पड़े। उन्होंने कहा, उम्मीद के मुताबिक समारोह होंगे और बताया कि ये शायद देश भर में लगातार बमबारी के बीच होंगे। खामेनेई की हत्या की निंदा करते हुए शिराज, यासुज और लोरेस्टन समेत दूसरी जगहों पर भी विरोध प्रदर्शन की खबरें आईं।

**इमाम रजा की दरगाह पर जताया दुख...**ईरानी सरकारी मीडिया पर दिखाए गए फुटेज में मशहद में इमाम रजा की दरगाह पर समर्थक दुख मनाते हुए दिख रहे हैं, जिसमें कई लोग रोते और दुख में गिरते हुए दिख रहे हैं। इस हत्या के बाद पड़ोसी देश इराक में भी विरोध प्रदर्शन हुए, जिसने तीन दिन का सार्वजनिक शोक घोषित किया। बगदाद में, प्रदर्शनकारियों ने भारी सुरक्षा वाले ग्रीन जोन में सुरक्षा बलों का सामना किया, जहाँ इराकी सरकारी इमारतें और विदेशी दूतावास हैं।

# यूएस ने ईरान पर हमला क्यों किया? क्या यूएस में जंग चल रही है? जानिए क्या है खास

चंडीगढ़/यूटर्न/1 मार्च। ईरानियों से अपने धार्मिक शासकों को हटाने की अपील करते हुए, यूएस ने शनिवार सुबह इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ बड़े लड़ाकू ऑपरेशन शुरू किए। यूएस इस ऑपरेशन को एपिक फ्यूरी कह रहा है, जबकि इजराइली इसे शेर की दहाड़ कह रहे हैं। यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई मारे गए हैं। यह तेहरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर यूएस-ईरानी बातचीत के बिना किसी डील के खत्म होने के दो दिन बाद हुआ। ईरान ने पूरे मिडिल ईस्ट में जवाबी हमले किए, जिसे उसके विदेश मंत्री ने यूएस और इजराइल का बिना उकसावे वाला, गैर-कानूनी हमला बताया।



## हिंसक तरीके से कब्जा करने का जिक्र...

उन्होंने आगे 1979 में तेहरान में यूएस एम्बेसी पर हिंसक तरीके से कब्जा करने का ज़िक्र किया, जिसके कारण दर्जनों अमेरिकियों को 444 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया था, साथ ही ईरान के प्रॉक्सी ने 1983 में बेरूत में एक यूएस मरीन बैरक पर बमबारी की थी जिसमें 241 लोग मारे गए थे। यूएस प्रेसिडेंट ने जनवरी में भी दखल देने का वादा किया था जब ईरानी सिक्योरिटी फोर्स ने आर्थिक संकट के बीच विरोध प्रदर्शनों को कुचल दिया था।

**यूएस ने ईरान पर हमला क्यों किया?...**शनिवार को ईरानी राजधानी में धमाकों की खबर आने के तुरंत बाद, ट्रंप ने सोशल मीडिया पर तेहरान पर अमेरिका को निशाना बनाकर खून-खराबे और बड़े पैमाने पर हत्या का कभी न खत्म होने वाला कैंपेन चलाने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा कि ईरान ने अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम को छोड़ने का हर मौका ठुकरा दिया है और दावा किया कि वह लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो यूरोप, विदेशों में मौजूद यूएस सैनिकों और यहां तक कि जल्द ही अमेरिकी होमलैंड तक पहुंचने के लिए खतरा बन सकती हैं।

## क्या ईरान के पास यूएस पर हमला करने की काबिलियत है?

ईरान सरकार ने हमेशा इस बात से इनकार किया है कि वह न्यूक्लियर हथियार चाहती है, लेकिन उसने यूरेनियम को इतना एनरिच कर लिया है कि न्यूक्लियर पावर प्रोग्राम में उसका कोई सिविलियन इस्तेमाल नहीं हो सकता, ऐसा 'द इंटरनेशनल एडिटर जेरेमी बोवेन का कहना है। उन्होंने आगे कहा कि अब तक इजराइल और यूएस ने इस बात का कोई सबूत पब्लिश नहीं किया है कि वह बम बनाने वाला था।

## यूएस मेनलैंड पर हमले की पब्लिक रिपोर्ट नहीं

यूएस मेनलैंड पर किसी हमले की कोई पब्लिक रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन लोकल अधिकारियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं। न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा कि इमरजेंसी मैनेजमेंट अधिकारी बहुत ज्यादा सावधानी के तौर पर सेंसिटिव जगहों पर प्रोएक्टिव कदम उठा रहे हैं। वेस्ट कोस्ट पर, लॉस एंजिल्स की मेयर कैरन बास ने कहा कि पुलिस ने पेट्रोलिंग बढ़ा दी है, हालांकि ₹इस समय कोई भरोसेमंद खतरा नहीं है।

## कितने लोग मारे गए हैं?

- ट्रंप ने कहा कि हिम्मतवर अमेरिकी हीरो की जान जा सकती है, हालांकि यूएस मिलिट्री ने कहा कि उन्हें अब तक लड़ाई में किसी के मारे जाने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। शनिवार को रेड क्रिसेंट के मुताबिक, पूरे ईरान में 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 700 से ज्यादा घायल हुए हैं। फर्स्ट-एड ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि ईरान के 31 में से 24 प्रांतों पर हमला हुआ है। एक लोकल प्रॉसिक्यूटर के मुताबिक, दक्षिणी ईरान के एक स्कूल में हुए धमाके में कम से कम 108 लोग मारे गए हैं।

## ट्रंप ने कहा, मरने वालों की संख्या बढ़ सकती

- इजराइली अखबार हारेत्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, सेंट्रल तेल अवीव में कई बिल्डिंग्स पर ईरानी मिसाइल गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 20 घायल हो गए। जवाबी हमलों में, ईरान ने बहरीन, कुवैत और कतर और वअए पर भी ड्रोन और मिसाइलें दागीं, इन सभी जगहों पर यूएस मिलिट्री की मौजूदगी है। वअए की सरकारी मीडिया ने कहा कि अबू धाबी में एक व्यक्ति मारा गया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि पूरे हफ़्ते बमबारी जारी रहेगी, इसलिए मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

## इजराइल पर सैकड़ों रॉकेट और ड्रोन दागे...

- पिछले साल जून में, यूएस ने ईरान में तीन न्यूक्लियर फैसिलिटी पर बमबारी की थी। ट्रंप ने कहा कि यूएस ऑपरेशन मिडनाइट हैमर ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को खत्म कर दिया था। पिछली गर्मियों में यूएस के हमलों ने ईरान और इजराइल के बीच 12 दिन के संघर्ष में सीजफायर का रास्ता बनाया। इजराइल ने ईरानी न्यूक्लियर, मिलिट्री और इंफ्रास्ट्रक्चर साइट्स पर एयर स्ट्राइक किए थे। तेहरान ने जवाबी कार्रवाई में इजराइल पर सैकड़ों रॉकेट और ड्रोन दागे थे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372